दिनांकः 28.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## ***थाना गागलहेडी पुलिस एवं स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर लुटेरे/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर लूटी गयी 02 मो0सा0,01 मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त 01 अन्य मो0सा0 बरामद***

*अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2026 की रात्री को श्री ओमपाल सैनी पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम धनकरपुर थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर बाबत 03 अज्ञात लुटेरो द्वारा वादी से मोटर साईकिल स्पलैन्डर प्लस रंग काला न0 – UP11CL2853 व मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी का लूट कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मु0अ0सं0–160/2026 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त लूट की घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए लूट में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना गागलहेडी व स्वाट की कुल 03 टीमो का गठन किया गया। जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 27.05.2026 की रात्री को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम, स्वाट टीम व मिशन शक्ति टीम थाना गागलहेडी द्वारा 03 शातिर लुटेरो/अभियुक्तगण* ***1. आदित्य उर्फ आदि पुत्र प्रदीप नि0 ऊमरीकलां थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर 2. अक्षित पुत्र स्व0 देवेन्द्र नि0 ग्राम मिर्जापुर थाना बड़गांव जिला सहारनपुर 3. कार्तिक उर्फ बुड्ढा पुत्र विश्वास नि0 ग्राम ऊमरी खुर्द थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर*** *को दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के गागलहेडी कट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशांदेही पर लूटी गयी 01 मो0सा0 व 01 मोबाइल फोन सैमसंग S23 (मु0अ0सं0 160/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना गागलहेडी से सम्बन्धित) तथा थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 222/2026 से सम्बन्धित लूटी गयी 01 मोटर साईकिल व दोनों घटनाओं मे प्रयुक्त 01 मो0सा0 स्पलैन्डर प्लस* ***(कुल 03 मोटर साईकिल व 01 मोबाइल) बरामद*** *हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***पूछताछ का विवरणः-***

*गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगो में से आदित्य भगवानपुर में नौकरी करता है, 21 मई की शाम के समय हम तीनो नें साथ में बैठकर प्लान बनाया कि नौकरी से खर्च ढंग से नही चल रहा है। इसलिए हमने लूट करने की योजना बनायी। रात के समय दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे पर बहुत कम आवाजाही रहती है इसलिए हम तीनो ने एक्सप्रेस वे पर लूट करने का प्लान बनाया तथा रात्रि करीब 10 बजे अपने मोबाईल फोन बन्द कर हम तीनो एक्सप्रेसवे जाने के लिए चल दिये को जब हम एक्सप्रेसवे पर कोलकी फलाईओवर के पास पहुँचे तो तभी हमें एक व्यक्ति अकेला मोटरसाईकिल पर बैठकर जाता दिखाई दिया जिसे देखकर हम तीनो ने उसे ही लूटने का प्लान बनाया तथा उसे हमने रास्ता पूछने के बहाने से कोलकी फ्लाईओवर के पास रुकवा लिया तथा उस व्यक्ति से जबरदस्ती स्पलेंडर प्लस मोटरसाईकिल व मोबाइल फोन लूट लिया। उसके बाद पुलिस को चकमा देने के लिए हम लोग सैय्यद माजरा टोल होते हुए भगवानपुर गये तथा भगवानपुर से कुछ पहले हमने उस व्यक्ति के लूटे गये मोबाइल से सिम निकालकर फेंक दिया। हमने सोचा था ऐसा करने से हमे पुलिस उत्तराखण्ड मे ढूंढती रहेगी तथा हमारा पता नही चल पायेगा। उसके बाद हम तीनो दूसरी घटना करने के लिए दूसरे रास्ते से वापस आकर एक्सप्रेसवे पर पहुंच गये तथा फिर यमूना नगर हाईवे पर पहुँचकर ग्राम नन्दी के पास सुखदेव ढाबा से पहले मोटरसाईकिल सवार 02 लडको से जबरदस्ती उनकी मोटर साईकिल लूट ली थी। लूटी गयी दोनों मोटरसाइकिलो को हमने हरौडा गाँव के पास हाईवे के किनारे खाली पडे कमरो मे छिपाकर खडा कर दिया था।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-***

*1. आदित्य उर्फ आदि पुत्र प्रदीप नि0 ऊमरीकलां थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर।*
*2. अक्षित पुत्र स्व0 देवेन्द्र नि0 ग्राम मिर्जापुर थाना बड़गांव जिला सहारनपुर।*
*3. कार्तिक उर्फ बुड्ढा पुत्र विश्वास नि0 ग्राम ऊमरी खुर्द थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर।*

***अभियुक्त आदित्य उर्फ आदी का आपराधिक इतिहासः-***

1. *मु0अ0सं0 160/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
2. *मु0अ0स0 222/2026 धारा 309 (4) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।*

***अभियुक्त अक्षित उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-***

1. *मु0अ0स0 115/2026 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस थाना सदर बाजार सहारनपुर।*
2. *मु0अ0सं0 160/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
3. *मु0अ0स0 222/2026 धारा 309 (4) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।*

***अभियुक्त कार्तिक उर्फ बुड्ढा का आपराधिक इतिहासः-***

1. *मु0अ0सं0 160/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
2. *मु0अ0स0 222/2026 धारा 309 (4) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।*

***बरामदगी का विवरण –***

- *01 मो0सा0 स्पलैंडर प्लस-UP11CL2853)(**मु0अ0स0–160/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना गागलहेडी**)*
- *01 मो0सा0 स्पलैंडर प्लस-UP11BV9027) (**मु0अ0स0 222/2026 धारा 309(4) बीएनएस थाना को0देहात**)*
- *01 मोबाइल फोन सैमसंग S23 (**मु0अ0स0–160/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना गागलहेडी**)*
- *01 मो0सा0 स्पलैंडर प्लस UP12BJ8329 रंग काला (घटना में प्रयुक्त)*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-***

1. *थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री नीरज पवांर प्रभारी स्वाट टीम सहारनपुर।*
3. *व0उ0नि0 अतुल कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।*
4. *उ0नि0 अभिनव कुमार सिंह थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
5. *उ0नि0 उ0नि0 सुभाष चन्द्र थाना गागलहेडी सहारनपुर।*
6. *म0उ0नि0 रश्मि कुमारी थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
7. *है0का0 सोनू कौशिक सर्विलांस टीम जनपद सहारनपुर*
8. *है0का0 81 हरेन्द्र स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
9. *है0का0 681 वसीम स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
10. *है0का0 1016 मंदीप स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
11. *है0का0 362 अमित पवार स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
12. *है0का0 336 अमित चिकारा स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
13. *का0 1345 सुशान्त कपिल थाना गागलहेडी सहारनपुर।*
14. *का0 398 नरदेव सिंह थाना गागलहेडी सहारनपुर।*
15. *का0 1755 अनुज कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।*
16. *का0 405 गौरव राठी स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
17. *का0 2229 अमित कुमार स्वाट टीम जनपद सहारनपुर।*
18. *रिक्रूट म0का0 914 मीनू थाना गागलहेडी सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 28.05.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## *थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार*

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 27.05.2026 को थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पर पजींकृत मु0अ0स0 257/2026 धारा 69/351(3) बीएनएस व 3/(2)(V) SC/ST ACT में वांछित अभियुक्त* ***दानिश उर्फ दिनेश पुत्र शाहिद निवासी इन्द्रा चौक मंसूर कालोनी सतियो वाली गली थाना मण्डी जिला सहारनपुर*** *को जेवी जैन कालेज के पीछे कलसिया रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –***

*दानिश उर्फ दिनेश पुत्र शाहिद निवासी इन्द्रा चौक मंसूर कालोनी सतियो वाली गली थाना मण्डी जिला सहारनपुर।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *उ0नि0 श्री सुशील कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री प्रतापदत्त शर्मा थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर।*
3. *है0का0 1002 विकल सोम थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर।*
4. *रि0का0 1204 विनय कुमार थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर।*

दिनांकः 28.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## ***थाना बिहारीगढ साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से ठगे गये पीड़ित के 40,835/- रुपये कराये गये वापस***

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में साईबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बिहारीगढ़ साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा थाना बिहारीगढ़ पर प्राप्त* ***साइबर शिकायत संख्या 33105260108295*** *में त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक के साइबर फ्रॉड मे गये* ***40,835/- रुपये*** *वापस कराये गये। पीडित द्वारा रुपये वापस आने पर बिहारीगढ़ पुलिस का आभार प्रकट किया है।*

***साइबर हेल्प डेस्क टीम-***

1. *प्र0नि0 श्री सतेन्द्र सिंह थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 संजीव यादव थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर।*
3. *उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर।*
4. *कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी गौरव कुमार थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर।*
5. *का0 2214 कुमर पाल सिंह थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर।*

दिनांक: 28.05.2026

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

**"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से 12 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त बरामद

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थो/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी, बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में "ऑपरेशन सवेरा" – **"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।*

*अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 28.05.2026 को थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा 02 नशा तस्कर अभियुक्तगण **1. कामरान पुत्र गुलाम निवासी ग्राम अम्बेहटा पीर थाना नकुड जिला सहारनपुर 2. शोएब पुत्र अशरफ निवासी ग्राम इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर** को ग्राम माजरी से कैलाशपुर जाने वाले रास्ते पर शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0 166/26 धारा 8/15 NDPS ACT एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण कामरान व शोएब उपरोक्त के मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

*1. कामरान पुत्र गुलाम निवासी ग्राम अम्बेहटा पीर थाना नकुड जिला सहारनपुर।*

*2. शोएब पुत्र अशरफ निवासी ग्राम इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।*

**बरामदगी का विवरण -**

- *12 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त नाजायज*
- *01 मोटर साईकिल पैशन प्रो रंग काला का रजि0 न0 UP11AP9789 (घटना मे प्रयुक्त)*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. *उ0नि0 सुभाष चन्द थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 शिव कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*

3. *का0 398 नरदेव थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
4. *का0 1345 सुशान्त कपिल थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
5. *रि0का0 899 अभय कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 28.05.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस व राजस्व टीम द्वारा अवैध खनन परिवहन पर कार्यवाही करते हुए 01 ट्रक को उपखनन (बालू रेत) के साथ किया गया जब्त

*अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश द्वारा अवैध खनन तथा ओवरलोड एवं बिना नम्बर के डम्पर/ट्रकों के अवैध संचालन को रोकने व कानून व्यवस्था सामान्य बनाये रखने हेतु टास्क फोर्स गठित कर दिनाँक 28.05.2026 को सघन / आकस्मिक चैकिंग का अभियान चलाया गया।*

*अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा राजस्व विभाग के साथ मिलकर थाना क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशरों, स्क्रीनिंग प्लाण्टों, तथा आने जाने वाले मार्गों पर बैरियर लगाकर तथा सघन / आकस्मिक चैकिंग करायी जा रही है। कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 28.05.2026 को थाना मण्डी पुलिस व राजस्व टीम खनन अधिकारी निरीक्षक श्री अखिलेश चौबे द्वारा दौराने चैकिंग के संयुक्त कार्यवाही करते हुए **01 ट्रक रजि0 न0- HR 58 E 8999 मय उपखनन (बालू रेत)** को ओवरलोड उपखनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा गया तथा उपरोक्त ट्रक को मय उपखनन (बालू रेत) के सीज किया गया। जब्त वाहन के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है।*

### पकडे गये वाहन का विवरण

- *01 ट्रक (रजि0 नं0 HR 58 E 8999 )*

### वाहन जब्त करने वाली टीम का विवरणः-

1. *प्र0नि0 श्री सतपाल सिंह भाटी थाना मण्डी सहारनपुर*
2. *श्री अखिलेश चौबे ( खनन अधिकारी ) सहारनपुर*
3. *रि0का0 1256 प्रमोद कुमार थाना मण्डी सहारनपुर*
4. *रि0का0 1225 मौ0 हारीश थाना मण्डी सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक 28.05.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## ***थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 स्कूटी बरामद***

*अवगत कराना है कि दिनांक 11.05.2026 को वादिया श्रीमती नीरा बिन्दल पत्नी स्व0 संजीव बिन्दल निवासी-5/1380 नुमाईश कैम्प शक्ति नगर थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा वादिया की भूमि इलैक्ट्रिक कम्पनी की इलैक्ट्रिक स्कूटी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर **मु0अ0सं0–103/2026 धारा–303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी, लूट, नकबजनी, वाहन चोरी आदि घटनाओं की रोकथाम एवं इनमे संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व पुलिस टीम द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त **अमन पुत्र प्रवीण निवासी बाल्मिकी बस्ती केशवनगर नुमाईश कैम्प थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर** को मुखबिर की सूचना पर राधा विहार मोड ट्रांसफार्मर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी हुई स्कूटी बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-***

*अमन पुत्र प्रवीण निवासी बाल्मीकि बस्ती केशवनगर नुमाईश कैम्प थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*

***बरामदगी का विवरणः-***

- *01 इलैक्ट्रिक स्कूटी*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *उ0नि0 श्री जोगेन्द्र पाल सिंह थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
2. *है0का0 1258 विकास कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
3. *है0का0 862 विपिन मान थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
4. *का0 2486 जितेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक 28.05.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी, लूट, नकबजनी, छिनैती, वाहन चोरी आदि घटनाओं की रोकथाम एवं इनमे संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्तगण* ***1.हर्ष पुत्र ईश्वरचन्द उर्फ छोटेलाल निवासी शिवपुरी कालोनी शारदा नगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर 2.अर्जुन सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी सबदलपुर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर*** *को जुबली पार्क से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साईकिल बजाज प्लैटिना रजि0 नं0 – UP20BM6291 बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरमादगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0–129/2026 धारा-317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-***

1. *हर्ष पुत्र ईश्वरचन्द उर्फ छोटेलाल निवासी शिवपुरी कालोनी शारदा नगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*
2. *अर्जुन सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी सबदलपुर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*

***बरामदगी का विवरण:-***

- *मोटर साइकिल बजाज प्लैटिना 100 रजि0 नं0 – UP20BM6291*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–***

1. *उ0नि0 श्री सत्येन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
3. *रि0का0 1316 कुलदीप कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*
4. *रि0का0 1276 सौरभ कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर।*

दिनांक 28.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## कोतवाली नगर पुलिस द्वारा डायल-112 पर लूट की झूठी सूचना देने व शांति भंग करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में शांति व कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार गश्त व चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दौराने गस्त व चैकिंग मे अभियुक्त* ***गुरमीत पुत्र जगदीश निवासी ग्राम खालिदपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर*** *द्वारा 112 पर लूट की झूठी सूचना देना तथा मौके पर घंटाघर पर आते जाते लोगों के साथ आमदा फसाद करते हुए मिला । जिसका शान्ति भंग मे अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे चालान कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-***

*गुरमीत पुत्र जगदीश निवासी ग्राम खालिदपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर ।*

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह चौहान थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर ।*
2. *है0का0 538 प्रदीप कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर ।*

दिनांक 28.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा जानलेवा हमले के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 27.05.2026 को वादिया रानी पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम काजीपुरा थाना रामपुर मनि0 जनपद सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त सोनू पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम काजीपुरा थाना रामपुर मनि0 सहारनपुर द्वारा वादी के पुत्र अमन कुमार व सचिन कुमार पर जान से मारने की नियत से हमला कर धारदार हथियार से घायल करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना रामपुर मनिहारान पर मु0अ0सं0-0178/26 धारा-109(1)/115(2)/118(1)/351(3/352) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री उम्मेद कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 28.05.26 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **सोनू पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम काजीपुरा थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 पिठ्ठी दांती बरामद हुई । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

सोनू पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम काजीपुरा थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर ।

**बरामदगी का विवरण**

- 01 पिठ्ठी दांती

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 श्री अशोक कुमार  कुमार थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर ।
2. है0का0 352 अरुण कुमार थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर ।
3. रि0का0 1856 यश कुमार थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर ।
4. रि0का0 1900 अमरजीत सिह थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर ।